हाजीपुर. शहर के औद्योगिक क्षेत्र में मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट (बीएड) में कंप्यूटर आधारित शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. टेस इंडिया, बिहार एवं मैत्रेय कॉलेज के संयुक्त तत्वावाधान में यह कार्यशाला आयोजित हुआ. राज्य भर के विश्वविद्यालयों से संबंधित बीस विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया. कार्यशाला के आरंभ में इस संस्थान के प्राचार्य डॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने टेस इंडिया, बिहार के प्रभारी डॉ सुनीता सिंह सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आये प्रतिभागियों का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि आज का शैक्षिक परिवेश पूर्ण रूप से कंप्यूटर आधारित होने की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहा है. हमें अब इसकी उपयोगिता को समय रहते पहचान कर खुद को अपडेट करने की है. वैसे तो अंग्रेजी माध्यम से कंप्यूटर आधारित शिक्षा लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में दी जा रही है, लेकिन टेस इंडिया, बिहार प्रक्षेत्र ने हम हिंदी भाषियों के लिए भी कंप्यूटर से शिक्षा देने का सफल प्रयास किया है. हमें इसकी जानकारी कार्यशाला में टेस इंडिया, बिहार के प्रभारी डॉ सुनीता सिंह देंगी. इससे हम भी अपने शिक्षण संस्थानों में शिक्षार्थियों को इसके लाभ से अवगत करा सकें. इसी दिशा में टेस इंडिया, बिहार के साथ मिल कर आज एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है. कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए टेस इंडिया, बिहार के प्रभारी डा. सुनीता सिंह ने सभी प्रतिभागियों से परिचय कर उनका अभिवादन किया और पावर पॉइंट प्रेजेंटिसन से प्रोजेक्टर पर माध्यमिक स्तर के शिक्षा में कंप्यूटर का उपयोग कैसे हो सकता है इसे बताया. इंटरनेट के द्वारा शैक्षिक सामग्री की खोज करना, ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करना आदि की जानकारी इन्होंने इस कार्यशाला में दी. इन्होंने कहा कि पहले हमें इसकी विधिवत जानकारी होनी चाहिए, तभी इसका उपयोग करना हम अपने शिक्षार्थियों को सीखा पायेंगे.





### क्रिसमस-डे का आयोजन :-

23 दिसंबर, 2016 को क्रिसमस-दिवस के अवसर पर सभी सदनों के प्रशिक्षुओं ने अपने-अपने सदन-पटलों को सदन-प्रभारियों के नेतृत्व में सजाया। इसके लिए सायंकाल 03:30 PM का समय पूर्व बैठक में सभी संकाय प्रभारियों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा सुनिश्चित कर लिया गया था। जिसमें प्रभु यीशु के चित्र एवं उनके अनुयायियों के साथ उनके संदेशों को लगाया गया तथा झूले पर लटके हुए जीसस क्राइट्स का प्रदर्शन भी किया गया। खिलौना बाँटते हुए एवं रंगीन रुई से बने हुए सांता क्लाज को बोर्ड पर चिपकाया गया । इसके साथ ही नववर्ष की बधाइयों का भी प्रदर्शन बोर्ड पर किया गया। इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं के साथ-साथ अध्यापकगण भी मौजूद थे।




### नववर्ष समारोह का आयोजन :-

06 जनवरी, 2017 को नववर्ष समारोह और खेल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ॰ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतियोगिता में गुब्बारा फुलाने की प्रतियोगिता, गोली-चम्मच प्रतियोगिता, सुई-धागा प्रतियोगिता, रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता, 100 मीटर रिले दौड़, लुका-छिपी प्रतियोगिता, 100 मीटर दौड़ पुरुष-महिला प्रशिक्षु, संगीत आधारित कुर्सी-दौड़ प्रतियोगिता, सहभोज का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर निवर्तमान प्रशिक्षुओं को अपने वरिष्ठ प्रशिक्षुओं के साथ परिचय कराने का कार्य भी हुआ। विविध गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षाप्रद फिल्म **"चाक एण्ड डस्टर"** का प्रसारण भी किया गया जो शिक्षक जीवन पर आधारित है।

इसके पश्चात प्राचार्य, सहायक प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं के साथ एक छोटी-सी बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नए प्रशिक्षुओं को अपने विभिन्न संकाय के सदस्यों के बारे में अहम व महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। खेल सम्पन्न होने के पश्चात खेल प्रभारी एवं प्राध्यापकों द्वारा मूल्यांकन के पश्चात विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।





## उन्मुखीकरण कार्यक्रम :-

संस्थागत परिस्थितियों से अवगत कराने के लिए सेमिनार हॉल में एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्मुखीकरण कार्यक्रम चलाने तथा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिन को **"युवा-दिवस"** के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में सभी संकाय सदस्यों, चारों सदनों के सदस्य एवं पदाधिकारी सभी ने मिलकर हिस्सा लिया जिसके लिए एक मसौदा तैयार किया गया ।

निर्धारित मसौदे के अनुसार उन्मुखीकरण कार्यक्रम पूरे एक सप्ताह तक चला। इसमें संकाय सदस्यों एवं 2015-17 के नवागत प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय परिसर से अवगत कराया गया। जिसका प्रमुख उद्देश्य महाविद्यालय की समस्त भौगोलिक व भौतिक सरंचना, उपलब्ध संसाधन एवं सामग्रियों से सभी को परिचित कराना था। इसके लिए प्रशिक्षुओं को लाइब्रेरी अवलोकन, कक्षा-कक्ष अवलोकन, ICT कक्ष का अवलोकन तथा महाविद्यालय परिसर का अवलोकन कराया गया। सत्र 2015-17 तथा 2016-18 के प्रशिक्षुओं ने आपस में परिचर्चा करके एक-दूसरे के साथ अपने-अपने अनुभव भी साझा किए।













'नई शिक्षा नीति' विषयक
सरस्वती















## राष्ट्रीय युवा-दिवस कार्यक्रम :-

12 जनवरी, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट बी॰एड॰ सत्र 2016-18 के सभी संकाय सदस्यों, प्रशिक्षुओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर **"राष्ट्रीय युवा-दिवस"** कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दिखाई।

कुछ प्रशिक्षुओं ने काव्य-लेखन का कार्य किया वहीं कुछ ने स्वामीजी का जीवन परिचय के साथ स्वामीजी के जीवन से जुड़ी तमाम घटनाओं तथा उनके प्रेरक विचारों की चर्चा की । प्रशिक्षुओं ने स्वामीजी के उत्कृष्ट विचारों को रंगीन कागज पर लिखकर अपने-अपने सदन के बोर्डों को सजाया।

## मद्य-निषेध दिवस कार्यक्रम :-

19 जनवरी, 2017 को मद्य-निषेध दिवस मनाया गया। इसके उपलक्ष्य में हस्तलिखित स्लोगनयुक्त तख्ती लेकर मानव-शृंखला का निर्माण किया गया। इसका उद्देश्य समाज को शराब से होने वाले दुष्परिणामों से बचाना और बिहार को शराब मुक्त बनाना, साथ ही व्यक्तियों को नशे के खिलाफ साहसिक कदम उठाने तथा उससे होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरूक करना था।

संस्थान के सभी प्रशिक्षुओं ने संकाय सदस्यों की अगुआई में कतारबद्ध होकर जुलूस निकाला और पंक्तिबद्ध होकर महाविद्यालय परिसर के सामने राजमार्ग पर मानव-शृंखला का निर्माण किया। इस प्रकार सभी ने इस मानव-कल्याण एवं समाज-कल्याण योजना में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।






नशा मुक्ति का
चला अभियान
महिलाओं का बढ़ा
मान-सम्मान











## गणतंत्र-दिवस समारोह :-

26 जनवरी, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में 68वाँ गणतन्त्र-दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर सपूतों के चित्रों, देशभक्ति-गीतों तथा स्लोगनों (विचारों) से सदन-पटल को सजाया गया। मैत्रेय प्रांगण में प्राचार्य, डॉ॰ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने प्रातःकाल 09:30 बजे झंडोत्तोलन किया। प्रशिक्षुओं, सभी संकाय सदस्यों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान किया और देशभक्ति नारों का उद्घोष किया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना को भी पढ़ा गया।

इसके पश्चात सभी प्रशिक्षुओं, प्राध्यापकों तथा कर्मचारीगण ने जलेबी खाकर बोधिसत्व सभागार में प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक-कार्यक्रमों की गई प्रस्तुतियों का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं, प्राध्यापकों के साथ प्राचार्य भी मौजूद रहे। अंत में डॉ॰ त्रिपाठी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रशिक्षुओं का मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न हुआ।






मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट
Maitreya College of Education and Management
गणतंत्र दिवस समारोह
'नई शिक्षा नीति'

## माँ सरस्वती का मूर्ति-स्थापन एवं पूजन कार्यक्रम :-

1 फरवरी, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के बोधिसत्व सभागार में विद्यादायिनी माँ सरस्वती की मूर्ति स्थापित करके पूजनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने स्वयं प्रसाद निर्मित किया । माँ सरस्वतीजी की मूर्ति को वस्त्र, फूल-मालाओं से सजाया गया। इसके बाद रीति-रिवाज के अनुसार माँ सरस्वती की वंदना के साथ सहायक प्राध्यापक सत्यप्रकाश मिश्र द्वारा उनका पूजन-अर्चन किया गया। फिर सभी प्रशिक्षुओं ने भी माता की चरण-वंदना की। इसके पश्चात प्रसाद के रूप में फल-फूल के साथ खीर का वितरण किया गया। इस प्रकार सरस्वती का पूजन-कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।










## परीक्षा समिति की बैठक -प्रथम :-

दिनांक 17 फरवरी, 2017 को सस्थान के परीक्षा समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता संकाय सदस्य अजय कुमार सिंह ने की । इस बैठक का उद्देश्य–बी॰टेक॰ समेस्टर परीक्षा -2016 (दिसम्बर) की तैयारी एवं दायित्व वितरण था। जिसका आयोजन 20 फरवरी से 20 मार्च, 2017 तक मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट कैंपस में होना सुनिश्चित किया गया ।

इस बैठक में आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के बी॰टेक॰ परीक्षा 2016 के लिए परीक्षा से संबन्धित विचार-विमर्श के पश्चात निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

- **AKU, B. Tech. समेस्टर परीक्षा 2016 की तिथिवार समय-सारणी बनाना।**
- **तिथिवार परीक्षा के लिए सिटिंग प्लान तैयार करना ।**
- **परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार तिथिवार वीक्षकों की सूची तैयार करना।**
- **तिथिवार, विषयवार, उपस्थिति पत्रक को अलग-अलग करने का कार्य, रौशन कुमार (कंप्यूटर ऑपरेटर, MIS) करेंगे ।**
- **इलाहाबाद बैंक से प्रतिदिन प्रश्न-पत्र को दोनों पालियों में लाने की व्यवस्था लेखा-सहायक–संतोष कुमार, करेंगे ।**
- **परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिकाओं, कक्षावार बंडलिंग एवं पहुँचाने का कार्य अवनीश कुमार करेंगे ।**
- **परीक्षा के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं की गिनती करके, संग्रह एवं प्रश्न-पत्रवार इनकी अलग - अलग बंडल बनाने की ज़िम्मेदारी अवनीश एवं टुनटुन को सौंपी गयी।**

- **विभिन्न जिम्मेदारियों से संबन्धित निर्देशिका उससे संबन्धित व्यक्तियों को देना एवं निर्देश समझाना।**
- **AKU B.Tech. exam 2016 के संबंध में डीएम/एसपी को पत्र प्रेषित करना।**

इस B.Tech. EXAM 01, 03, 05, 07 के लिए 20 फरवरी, 2017 से 10 मार्च, 2017 तक सहायक प्राध्यापक अजय कुमार सिंह, केंद्राधीक्षक का कार्य करेंगे।

## परीक्षा समिति बैठक- द्वितीय :-

दिनांक 18 फरवरी, 2017 को परीक्षा समिति की बैठक संकाय-कक्ष में हुई जिसका प्रतिपाद्य विषय – **"वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के सत्र- 2015-17 के बी.एड. प्रशिक्षुओं की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच"** करना था। इस हेतु मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट को परीक्षा केंद्र तथा प्राचार्य, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी जी को आरा विश्वविद्यालय द्वारा मूल्यांकन केंद्र-समन्वयक बनाया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 25 फरवरी, 2017 से प्रारम्भ किया जाएगा। मूल्यांकन कार्य से पूर्व प्रश्न-पत्र की प्रतियाँ विषय से संबन्धित प्राध्यापकों को देने की बात भी तय की गयी। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि एक दिन में किसी मूल्यांकनकर्ता को 60 से अधिक उत्तर पुस्तिकाएँ जाँच के लिए नहीं दी जाएंगी। विषयवार शिक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएँ प्रतिदिन उपलब्ध कराई जाएँगी तथा जाँचोपरांत उत्तर पुस्तिकाएँ केंद्र समन्वयक को उपलब्ध कराई जाएँगी।

मूल्यांकन हेतु सेमिनार कक्ष तथा स्ट्रॉंग रूम के रूप में मनोविज्ञान प्रयोगशाला को निर्धारित किया गया। साथ ही यह भी विचार किया गया कि विश्वविद्यालय के निर्देश के अनुसार जल्द से जल्द मूल्यांकन कार्य कर लिया जाएगा।

## महिला दिवस कार्यक्रम :-

08 मार्च, 2017 को महाविद्यालय में महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा अपने-अपने सदन पटल को प्रेरणाप्रद विचारों, चित्रों एवं कागज के फूल-पत्तियों द्वारा सजाया गया। इसमें महिला सशक्तीकरण को उजागर करने वाली घटनाओं को प्रमुखता के साथ दर्शाया गया था। इसके उपरांत प्राचार्य, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी की अगुआई में प्रशिक्षुओं के कार्यों का बारी-बारी निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं के प्रति सम्मान एवं समाज को उन्नत बनाने में उनकी भूमिका की चर्चा की। प्राचार्य ने आगे कहा की यदि एक राष्ट्र को समुन्नत बनाना है तो उसके लिए आवश्यक है कि हम महिलाओं को शिक्षित करें और उनकी भागीदारी को भी सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में पेश की गई मिसाल की सराहना करते हुए कहा कि आज की बेटियाँ आसमान छूने का माद्दा रखती हैं। कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं अपितु विश्व कि समस्त बेटियों के लिए एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत में तो महिलाओं का सम्मान प्रारम्भ से ही दिखाई पड़ता है। कहा भी गया है कि **"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:"**। उन्होंने सभी से महिलाओं का सम्मान करने की अपील करत हुए महिला प्रशिक्षुओं को निरंतर जीवन में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित भी किया।

## बी.एड. सत्र (2015-17) के प्रथम वर्ष की परीक्षा एवं उसके परिणाम :-

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा बी.एड. सत्र 2015-17 के प्रथम वर्ष की परीक्षा का आयोजन दिनांक 10 मार्च, 2017 से 23 मार्च, 2017 तक के मध्य किया गया। इस परीक्षा में प्रशिक्षुओं द्वारा प्राप्त शैक्षिक उपलब्धियों की सूची निम्नलिखित सारणी द्वारा प्रस्तुत की गयी है – **B.Ed. Session 2015-17, 1st Year Examination Result :**

| Roll No. | NAME | Reg. No. | Total Marks | % |
|---|---|---|---|---|
| 25 | PRABHAT KUMAR SINGH | 15501504025 | 515 | 79.23 |
| 29 | AJAY KUMAR | 15501504029 | 500 | 76.92 |
| 83 | POOJA BHARADAWAZ | 15501504083 | 480 | 73.85 |
| 26 | PALLAWI KUMARI | 15501504026 | 494 | 76.00 |
| 81 | BABITA KUMARI | 15501504081 | 487 | 74.92 |
| 56 | RAJANI PRAKASH | 15501504056 | 488 | 75.08 |
| 4 | ARCHANA KUMARI | 15501504004 | 496 | 76.31 |
| 86 | INDRAJEET KUMAR | 15501504086 | 489 | 75.23 |
| 34 | SHIV KUMAR | 15501504034 | 486 | 74.77 |
| 16 | ANJALI KUMARI | 15501504016 | 493 | 75.85 |
| 82 | SWETA RANJAN | 15501504082 | 481 | 74.00 |
| 93 | PRASHANT KUMAR | 15501504093 | 491 | 75.54 |
| 15 | RAHUL KUMAR | 15501504015 | 482 | 74.15 |
| 90 | SARVESH KUMAR | 15501504090 | 480 | 73.85 |
| 85 | SUJEET KUMAR | 15501504085 | 480 | 73.85 |
| 28 | RAUNAK PARVEEN | 15501504028 | 475 | 73.08 |
| 3 | APRAJITA | 15501504003 | 488 | 75.08 |
| 19 | SANGEETA KUMARI | 15501504019 | 479 | 73.69 |
| 36 | KUMARI SHILPI | 15501504036 | 465 | 71.54 |
| 47 | SONI KUMARI | 15501504047 | 472 | 72.62 |
| 59 | PUJA KUMARI | 15501504059 | 462 | 71.08 |
| 10 | PAPPU KUMAR | 15501504010 | 478 | 73.54 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **92** | **NEELAM KUMARI GUPTA** | **15501504092** | 480 | 73.85 |
| **13** | **CHANDNI KUMARI** | **15501504013** | 480 | 73.85 |
| **60** | **ROHAN KUMAR** | **15501504060** | 455 | 70.00 |
| **51** | **LAKSHMI KUMARI** | **15501504051** | 470 | 72.31 |
| **84** | **KIRAN KUMARI** | **15501504084** | 468 | 72.00 |
| **35** | **BABLU KUMAR** | **15501504035** | 474 | 72.92 |
| **44** | **SARITA KUMARI** | **15501504044** | 459 | 70.62 |
| **80** | **PRIYANKA KUMARI** | **15501504080** | 477 | 73.38 |
| **31** | **SHIPRA VERMA** | **15501504031** | 472 | 72.62 |
| **48** | **JYOTI KUMARI** | **15501504048** | 466 | 71.69 |
| **20** | **SONI KUMARI** | **15501504020** | 463 | 71.23 |
| **61** | **PINKI KUMARI** | **15501504061** | 458 | 70.46 |
| **38** | **AMIT KUMAR** | **15501504038** | 470 | 72.31 |
| **78** | **RAJEEV KUMAR** | **15501504078** | 464 | 71.38 |
| **100** | **SUPRIYA GUPTA** | **15501504100** | 452 | 69.54 |
| **87** | **NILAM KUMARI** | **15501504087** | 448 | 68.92 |
| **99** | **MANISHA PATEL** | **15501504099** | 455 | 70.00 |
| **33** | **INDU KUMARI** | **15501504033** | 472 | 72.62 |
| **1** | **KHUSHBU KUMARI** | **15501504001** | 444 | 68.31 |
| **57** | **RUBI KUMARI** | **15501504057** | 450 | 69.23 |
| **67** | **PUNAM KUMARI** | **15501504067** | 459 | 70.62 |
| **71** | **SONI KUMARI** | **15501504071** | 452 | 69.54 |
| **55** | **SHASHIKESH KUMAR** | **15501504055** | 453 | 69.69 |
| **79** | **KRI ARCHANA GUPTA** | **15501504079** | 453 | 69.69 |
| **37** | **SONI KUMARI** | **15501504037** | 441 | 67.85 |
| **77** | **SHOBHA KUMARI** | **15501504077** | 444 | 68.31 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **88** | **SANJITA KUMARI** | **15501504088** | 441 | 67.85 |
| **24** | **NEELAM RAY** | **15501504024** | 445 | 68.46 |
| **46** | **AVINASH MRINU** | **15501504046** | 451 | 69.38 |
| **72** | **PRAVENDRA KR SINGH** | **15501504072** | 447 | 68.77 |
| **62** | **PANKAJ KUMAR** | **15501504062** | 441 | 67.85 |
| **89** | **RAJESH KR SHARMA** | **15501504089** | 448 | 68.92 |
| **64** | **PRABHAT KUMAR** | **15501504064** | 464 | 71.38 |
| **73** | **PANKAJ KUMAR** | **15501504073** | 446 | 68.62 |
| **17** | **ARCHANA KUMARI** | **15501504017** | 457 | 70.31 |
| **42** | **ANITA KUMARI** | **15501504042** | 435 | 66.92 |
| **27** | **ANJANA KUMARI** | **15501504027** | 452 | 69.54 |
| **30** | **AMIT KUMAR GAURAV** | **15501504030** | 456 | 70.15 |
| **2** | **PREETY KUMARI** | **15501504002** | 434 | 66.77 |
| **76** | **MANISH KUMAR** | **15501504076** | 454 | 69.85 |
| **70** | **RAVINA KUMARI** | **15501504070** | 447 | 68.77 |
| **39** | **KAMINI KUMARI KANCHAN** | **15501504039** | 436 | 67.08 |
| **91** | **ANUPMA KUMARI** | **15501504091** | 440 | 67.69 |
| **98** | **MUNNI KUMARI** | **15501504098** | 436 | 67.08 |
| **40** | **MINKI KUMARI** | **15501504040** | 427 | 65.69 |
| **54** | **ARTI KUMARI** | **15501504054** | 426 | 65.54 |
| **94** | **PRAMOD KUMAR** | **15501504094** | 453 | 69.69 |
| **6** | **PRATIBHA KUMARI** | **15501504006** | 429 | 66.00 |
| **18** | **KIRAN KUMARI** | **15501504018** | 457 | 70.31 |
| **97** | **CHANDAN KUMAR** | **15501504097** | 437 | 67.23 |
| **22** | **ANUPMA KUMARI** | **15501504022** | 434 | 66.77 |
| **23** | **KIRAN KUMARI** | **15501504023** | 422 | 64.92 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **7** | **REETA KUMARI** | **15501504007** | 421 | 64.77 |
| **75** | **VIRENDRA KUMAR** | **15501504075** | 416 | 64.00 |
| **69** | **SUBODH KUMAR** | **15501504069** | 451 | 69.38 |
| **66** | **BABITA KUMARI** | **15501504066** | 435 | 66.92 |
| **53** | **KUMARI KANCHAN RAI** | **15501504053** | 432 | 66.46 |
| **8** | **SONI KUMARI** | **15501504008** | 420 | 64.62 |
| **49** | **CHANCHALA KUMARI** | **15501504049** | 425 | 65.38 |
| **21** | **ANJANA KUMARI** | **15501504021** | 412 | 63.38 |
| **95** | **RINKI KUMARI** | **15501504095** | 416 | 64.00 |
| **65** | **SABITA KUMARI** | **15501504065** | 418 | 64.31 |
| **52** | **SHASHI BHUSHAN KR** | **15501504052** | 408 | 62.77 |
| **68** | **PINKI KUMARI** | **15501504068** | 401 | 61.69 |
| **14** | **MUNNI KUMARI** | **15501504014** | 425 | 65.38 |
| **63** | **RINKU KUMARI** | **15501504063** | 407 | 62.62 |
| **50** | **MITHU GHOSHAL** | **15501504050** | 401 | 61.69 |
| **96** | **PRITI KUMARI** | **15501504096** | 411 | 63.23 |
| **43** | **KAJAL KUMARI** | **15501504043** | 408 | 62.77 |
| **41** | **MADHU MANEESHA** | **15501504041** | 419 | 64.46 |
| **58** | **VIKASH KUMAR** | **15501504058** | 389 | 59.85 |
| **9** | **SONU KUMAR** | **15501504009** | 390 | 60.00 |
| **12** | **ALKA RANJAN** | **15501504012** | 401 | 61.69 |
| **32** | **MONI KUMARI** | **15501504032** | 394 | 60.62 |
| **45** | **SAROJ KUMAR** | **15501504045** | 398 | 61.23 |
| **74** | **SONI KUMARI** | **15501504074** | 391 | 60.15 |
| **5** | **PRAKASH KUMAR** | **15501504005** | 391 | 60.15 |
| **11** | **RAJNEESH KUMAR** | **15501504011** | 373 | 57.38 |

यह विवरणिका क्रमशः ऊपर से नीचे घटते हुए क्रम में दी गयी है। जिसके अनुसार **प्रभात कुमार सिंह** ने 79.23% अंकों के साथ **प्रथम**, **अजय कुमार** ने 76.92% अंकों के साथ **द्वितीय** तथा **पूजा भारद्वाज ने** 73.85% अंकों के साथ **तृतीय** स्थान प्राप्त किया ।

## होली–मिलन समारोह :-

11 मार्च, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के बोधिसत्व सभागार में होली-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षुओं ने होली-गीतों, नृत्यों, अलग-अलग भावों द्वारा बिहार राज्य की तमाम सांस्कृतिक विविधताओं को उजागर करने वाली अनेकानेक रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं। सभी ने मिल जुलकर इस रंगारंग कार्यक्रम का लुत्फ़ उठाया। इसके पश्चात सभी प्रशिक्षु एवं प्राध्यापकगण, प्राचार्य के साथ पुआ, कचौड़ी-फुलौड़ी इत्यादि विविध स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। फिर प्रशिक्षुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली-मिलन समारोह मनाया।



## परीक्षा समिति की बैठक :-

दिनांक 04 अप्रैल, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट की परीक्षा-समिति की बैठक प्राचार्य, डॉ ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का उद्देश्य – **"बी.एड. सत्र 2015-17 के प्रथम वर्ष की प्रायोगिक विषयों की आंतरिक परीक्षा"** के आयोजन से संबन्धित था जिसके लिए संस्थान में 6, 7, 8 अप्रैल, 2017 परीक्षा की मुख्य तारीखें सुनिश्चित की गई । **06 अप्रैल, 2017 को** EPC-3 के आंतरिक परीक्षक के रूप में रेखा कुमारी स.प्रा. तथा बाह्य परीक्षक के रूप में हरिन्द्र कुमार सिंह यादव स.प्रा. रॉयल हेरिटेज कॉलेज ऑफ एजुकेशन हाजीपुर थे ।

**07 अप्रैल, 2017 को EPC-2** के आंतरिक प्रायोगिक, लिखित एवं मौखिक के लिए श्री विभूति कुमार सिंह एमसीईएम, आंतरिक तथा मु. जफ़र इक़बाल स.प्रा. तपेन्दु कॉलेज ऑफ एजुकेशन, पटना, बाह्य परीक्षक नियुक्त हुए।

**08 अप्रैल, 2017 को EPC -1** की आंतरिक परीक्षा के लिए सत्यप्रकाश मिश्र, MCEM एवं बाह्य परीक्षक डॉ. निरंजन सिंह प्राचार्य, डॉ. एस.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मोतिहारी नियुक्त किए गए।

इस आंतरिक परीक्षा हेतु वर्ग कक्षों का निर्धारण भी किया गया। साथ ही AKU, पटना के परीक्षा नियंत्रक के निर्देशानुसार 15 अप्रैल, 2017 तक विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर आंतरिक मूल्यांकन में प्रदत्त अंक विषयवार अपलोड करना भी था।

जिसके लिए विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों को निर्धारित मानक के अनुसार अंक, अंक-प्रपत्र पर निर्धारित अंकों के अनुसार 10 अप्रैल, 2017 तक प्राचार्य को सौंप देना भी सुनिश्चित किया गया।

O/C

MCEM

Maitreya College of Education & Management

*Shaping Education*

Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna

पत्रांक:- MCEM/B.Ed.- 57/17
दिनांक:- 06-04-2017

सेवा में,
कुलसचिव,
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय,
पटना

**विषय: सत्र 2015–17 के प्रथम वर्ष के आंतरिक परीक्षा के बाह्य परीक्षक के संबंध में।**

महाशय,

EPC 1,2 एवं 3 का आंतरिक मूल्यांकन दिनांक 06-04-2017, 07-04-2017 एवं 08-04-2017 को निर्धारित किया गया है। इस आंतरिक मूल्यांकन की वैद्यता एवं विश्वसनीयता के लिए बाह्य परीक्षक के रूप में निम्न वर्णित विषय विशेषज्ञों की सेवा लिए जाने का निर्णय लिया गया है।

| Sl. No. | नाम एवं पता | विषय पत्र | दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. निरंजन सिंह, प्राचार्य, Dr. S.P. Singh College of Teacher's Education, Motihari(B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur) | EPC 1 | 06-04-2017 |
| 2 | हरेन्द्र कुमार सिंह यादव, Royal Heritage College of Education, Rajasan, Hajipur(Maulana Mazhrul Haque Arabi Farsi University, Patna) | EPC 2 | 07-04-2017 |
| 3 | मो० ज़फ़र इकबाल, TIHS, Danapur, Patna( Magadh University) | EPC 3 | 08-04-2017 |

आग्रह है कि उक्त वर्णित विषय विशेषज्ञों की सूची को अनुमोदित करने की कृपा करें।

संस्थान आपका आभारी रहेगा।

LETTER RECEIVED
A.K.U., Patna
06.04.17

विश्वासभाजन
06.04.17
(डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी)
प्राचार्य

EPIP Campus, Hajipur Industrial Area,
Hajipur, Vaishali - 844 102 (Bihar), Ph. : 06224-271834, 9473447717, 9204061733
e-mail : maitreya@maitreyaedu.co.in, Web. : www.maitreyaedu.co.in

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह :-

13 अप्रैल, 2017 को डॉ. भीमराव अंबेडकर का जयंती- समारोह मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के सेमिनार-कक्ष में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। प्रशिक्षुओं ने इस अवसर पर उनकी जीवनी के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति उनकी उल्लेखनीय भूमिकाओं को बताया। इस अवसर पर सदन-पटल को उनके चित्रों, उनकी पृष्ठभूमियों, स्लोगनों के द्वारा सजाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं के साथ-साथ प्राध्यापकगण भी मौजूद थे।

## चंपारण सत्याग्रह शताब्दी समारोह :-

17 अप्रैल, 2017 को मैत्रेय संस्थान में चंपारण सत्याग्रह शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँधी जी के उत्कृष्ट विचारों एवं उनकी चंपारण सत्याग्रह की पृष्ठभूमि पर विचार–विमर्श तथा तत्संबंधी साहित्य का संग्रहण भी प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया ।

## कविता- वाचन एवं गायन प्रतियोगिता :-

6 मई, 2017 को बी.एड. प्रथम वर्ष 2016-18 के प्रशिक्षुओं द्वारा कविता वाचन एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सदन की 40वीं बैठक में यह निर्णय प्रभारियों द्वारा हुआ कि सभी प्रशिक्षु अपनी पसंद की कविता का गायन सुर-लय के साथ करेंगे ।

इस कार्यक्रम की तैयारी संस्थान एवं घर दोनों पर सुनिश्चित करेंगे। अपनी कमियों को दूर करने के लिए सदन के प्रशिक्षु सदस्यों के सामने गायन का अभ्यास करेंगे। इस बैठक में उप कप्तान अंजनी कुमारी सदस्य– अंजना, संजीता, मनीषा पटेल, किरण कुमारी, श्वेता, अंजली, अमित कुमार, संगीता कुमारी, प्रिय साक्षी, वीणा सिन्हा, एवं शैलेश शुभम इत्यादि शामिल रहे ।

## रवीन्द्र नाथ टैगोर जयंती कार्यक्रम की बैठक :-

7 मई, 2017 को महाविद्यालय परिसर में रवीन्द्र नाथ टैगोर जी की जयंती संबंधित कार्यक्रम की बैठक आयोजित की गयी । इस कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं एवं संकाय सदस्यों ने भाग लिया। सभी ने अलग-अलग कविताओं, गीतों का प्रस्तुतीकरण किया। जिसमें प्रमुख रूप से 'एकला चलो रे' जैसी कवितायें प्रमुख थीं। सभी सदन वालों ने एक-दूसरे की प्रस्तुति का आंकलन भी किया और साथ मिलकर सुरुचिपूर्ण कविताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई ।

## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन :-

13 मई, 2017 को त्वरित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रशिक्षुओं ने पूरी तत्परता के साथ भाग लिया। इसकी रूपरेखा सदन की 41वीं बैठक, दिनांक 9 मई, 2017 को सभी सदनों के प्रभारियों की अध्यक्षता में तय कर ली गयी थी जो इस प्रकार से थी -

- **सभी प्रशिक्षु एक चार्ट पेपर के ¼ भाग का चयन पेंटिंग के लिए करेंगे ।**
- **सभी प्रशिक्षु स्वयं अपना-अपना कलर लेकर आएँगे ।**
- **सभी प्रशिक्षु अपनी पसंद की पेंटिंग का निर्माण निर्धारित समय में करके कार्यक्रम प्रभारी को देंगे ।**
- **सभी प्रशिक्षुओं को इस प्रतियोगिता में भाग लेना आवश्यक है ।**

सदनवार कार्यक्रम-प्रभारियों के नाम इस प्रकार से थे –

| सदन | प्रभारी का नाम |
|---|---|
| **डी. एस. कोठारी** | रेखा कुमारी |
| **गिजुभाई** | राजकुमार रॉय |
| **जे. कृष्णमूर्ति** | अजय कुमार सिंह |
| **जे। पी॰ नाईक** | सत्यप्रकाश मिश्र |

इस बैठक में चारों सदनों के संकाय प्रभारियों एवं प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रमुख रूप से अंजनी कुमारी, कु. वीणा सिन्हा, शैलेश शुभम, प्रिया साक्षी, रोशनी कुमारी, कुमार चन्दन, रोहन कुमार, रौनक परवीन, मुन्नी कुमारी, किरण कुमारी, इन्दु, अनीता, प्रियंका, राजीव रंजन, राजेश कुमार, लक्ष्मी कुमारी, राहुल कुमार, चंचला कुमारी, अर्चना, रागिनी, निधि, कामिनी, सीमा इत्यादि प्रशिक्षु शामिल हुए ।

सेमिनार हॉल में प्रतियोगिता कराई गयी। सभी प्रशिक्षुओं ने अपनी अपनी रुचि के अनुरूप अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं ने तितली, हाथी, पहाड़ी और गुलाब इत्यादि के चित्र बनाए । यह प्रतियोगिता अपराह्न 02:30 बजे से 03:30 बजे तक चली ।

## नामांकन सूचना जारी / प्रवेश-परीक्षा - द्वितीय :-

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में सत्र 2016-18 के बी.एड. पाठ्यक्रम में सभी कॉलेजों में बची हुई आवंटित सीटों पर नामांकन के लिए अधिसूचना जारी की गई जिसकी प्रमुख तिथियों की रूपरेखा इस प्रकार से थी –

1. **AKU Entrance Exam Date - 14.05.2017**
2. **Result Date - 22.05.2017**
3. **Merit List – 24.05.2017**
4. **Admission Date – 25.05.2017 To 30.05.2017,……30.06.2017**

इसके पश्चात शेष बची हुई 54 सीटों पर प्रवेश का कार्य पूर्ण हुआ और प्रशिक्षुओं की संख्या 100 हो गयी तथा दो इकाई की योजना पूर्ण हुई ।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

# ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA

Chanakya National Law University Campus, Patna-800001
E-mail: akuexam@gmail.com

Ref. No. 005/Exam/100/AKU/2016- 1568 Date. 13.04.2017

## अधिसूचना

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबद्ध सभी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के सत्र 2016–18 में नामांकन हेतु बी० एड० प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (द्वितीय) दिनांक 07.05. 2017 को आयोजित की जायेगी। परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्न प्रकार है –

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि | : 25.04.2017 |
| विश्वविद्यालय में आवेदन के पहुँचने की अंतिम तिथि | : 30.04.2017 |
| प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा की निर्धारित तिथि | : 07.05.2017 |

इच्छुक छात्र/छात्राऐं उपरोक्त कार्यक्रमानुसार आवेदन कर सकते हैं। सभी फार्म ऑनलाईन www. akubihar.ac.in के माध्यम से भरी जायेगी। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के वेवसाईट www. akubihar.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

परीक्षा नियंत्रक
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

विवेक
AKU की संचिका में रखें तथा नामांकन संबंधी सूचना अपने आभार पर दें।
13.04.17

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA

Chanakya National Law University Campus, Patna-800001

E-mail: akuexam@gmail.com

Ref. No. 005/Exam/ 100 /AKU/2016- 2564 Date. 13 .06.2017

प्रेषक,

परीक्षा नियंत्रक,
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

सेवा में,

सभी प्राचार्य,
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना
से संबद्ध सभी बी० एड० महाविद्यालय।

विषयः B.Ed Entrance Test 2016 (II) के द्वारा लिए गए नामांकन सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः पूर्व में दिनांक 30.06.2017 का विषय संदर्भित ई–मेल।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए मेधा सूची में योग्य छात्रों की सूची के आधार पर आपके महाविद्यालय में हुए नामांकन की सूची विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं है।

ज्ञातव्य हो कि पूर्व में भी दिनांक 30.06.2017 को आपसे उक्त विषय के संबंध में सूचना दी गई थी। परन्तु अबतक आपके महाविद्यालय द्वारा मेधा सूची अप्राप्त है। कई महाविद्यालय द्वारा सूची उपलब्ध कराई गई है वे किसी भी दृष्टिकोण से मेधा सूची प्रतीत नहीं होती है।

अतः आपसे पुनः यह अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 14.06.2017 (अपराह्न 03:00 बजे) तक विश्वविद्यालय में मेधाक्रम के अनुरूप लिए गए छात्रों के नामांकन की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

पत्रोत्तर : 13.06.2017
पत्रांक : 87/17

ज्ञानदेव
13.06.2017

परीक्षा नियंत्रक
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

MCEM

o/c

# Maitreya College of Education & Management

Affiliated to Aryabhatta Knowledge University, Patna *Shaping Education*

पत्रांक : MCEM/B.Ed.- 88/17
दिनांक : 13-06-2017

सेवा में,

परीक्षा नियंत्रक
आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय
पटना

विषय :- आपके पत्रांक 005/Exam/100/AKU/2016-2564, दिनांक 13.06.2017 के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निवेदनपूर्वक सूचित करना है कि B.Ed. Entrance Test 2016 (II) के द्वारा इस संस्थान में नामांकित होनेवाले कुल 34 छात्रों की सूची प्रेषित की जा रही है जिसे पूर्व में (07.06.2017) को कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जा चुका है ।

ज्ञातव्य है कि अब तक इस संस्थान में 100 में कुल 79 नामांकन हुए हैं तथा 21 स्थान अभी भी रिक्त है। विनम्र आग्रह है कि रिक्त स्थानों पर नामांकन करने हेतु अवधि विस्तारित करने की कृपा करेंगे ।

सधन्यवाद ।

संलग्न : मेरिट लिस्ट एवं नामांकित अभ्यर्थियों की सूची ।

विश्वासभाजन

ज्ञानदेव
13.06.2017
(डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी)
प्राचार्य

LETTER RECEIVED
Choudhary
A.K.U., Patna
14.06.17

More

# Regarding providing admission list & vacant seat status & (Letter No.2564 dt. 13.06.17)

**AKU PATNA** <akuexam1@gmail.com>
to 502-Trident, bcc: me

Dear Sir/Madam,

Please send the following details asap

1- Vacant seat before B.Ed. Entrance Test 2016 (2nd) for session (2016-18) -55

2- Admission List (2nd Phase) - Attached (25.05.2017) & 07.06.2017

3- No of Vacant seat (if any) -21

for more detail PFA

FYI & N A

--

**Notice:-** *The information contained in this e-mail message and/or attachments to it may contain confidential o use, review, distribution, printing or copying of the information contained in this e-mail message and/or attachr error, please notify us by reply e-mail or telephone and immediately and permanently delete the message and*

**Thanks & Regards**

**ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA**

http://www.akubihar.ac.in

http://www.akubihar.org

http://www.facebook.com/akuexam Like and Subscribe this page

## Regarding Admission date (Session 2016-18)

1 message

AKU PATNA <akuexam1@gmail.com> Thu, Jun 22, 2017 at 4:06 PM

To: 504-Maitreya College of Education & Management <admin@maitreyaedu.co.in>

Dear Sir,

University extended date of admission up-to 30.06.2017 for B.Ed. session (2016-18)

--

**Notice:-** *The information contained in this e-mail message and/or attachments to it may contain confidential or privileged information. If you are not the intended recipient, any dissemination, use, review, distribution, printing or copying of the information contained in this e-mail message and/or attachments to it are strictly prohibited. If you have received this communication in error, please notify us by reply e-mail or telephone and immediately and permanently delete the message and any attachments.*

**Thanks & Regards**

**ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA**

http://www.akubihar.ac.in

http://www.akubihar.org

http://www.facebook.com/akuexam Like and Subscribe this page

कार्यालय
नया आवेदन प्राप्त कर
मेरिट लिस्ट बनायें।
ईद अवकाश में भी कार्यालय
इस कार्य हेतु खुला रहेगा। नामांकन
29-30 जून, 2017 को होगा।

DR. GYANDEO MANI TRIPATHI
ज्ञानदेव
22.06.2017
PRINCIPAL
MAITREYA COLLEGE OF EDUCATION AND
MANAGEMENT, HAJIPUR, BIHAR

## बिहार स्टूडेंट क्रेडिट-कार्ड योजना पर कार्यशाला का आयोजन :-

24 मई, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट के सेमिनार हॉल में बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें परामर्श केंद्र की प्रबन्धक श्रीमती शिल्पी शर्मा, सहायक प्रबन्धक श्रीमती स्नेहा, सिंगल विंडो ऑपरेटर रवि, रणधीर, सूर्य तथा संस्थान के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रबन्धक ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित यह एक बहुत ही महत्त्वाकांक्षी योजना है। जिसके द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राएँ भी उच्च शिक्षा को प्राप्त कर जीवन को सुनहरा बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के बारे में सम्पूर्ण जानकारियाँ भी प्रशिक्षुओं के साथ साझा की।

## पर्यावरण-दिवस का आयोजन :-

05 जून, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट में पर्यावरण-दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण का कार्य किया। संस्थान के प्राचार्य, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पर्यावरण में हो रहे बदलावों की मार संपूर्ण विश्व झेल रहा है। यदि समय रहते इन समस्याओं से नहीं निपटा गया तो इसका नुकसान सम्पूर्ण मानव-जाति को उठाना पड़ेगा। अतः इसके लिए आवश्यक है कि हम पर्यावरण के प्रति स्वयं सचेत हों, अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएँ साथ ही दूसरों को भी इसके लिए जागृत करें। डॉ. त्रिपाठी ने स्वयं प्रशिक्षुओं के साथ मिलकर संस्थान में पौधे लगाए। साथी प्राध्यापकों ने भी इस कार्य में सहयोग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्रशिक्षु, प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





**अंतर्राष्ट्रीय योग-दिवस का भव्य आयोजन :-**

21 जून, 2017 को मैत्रेय संस्थान में प्राचार्य, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी की देखरेख में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग-दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:30 बजे शुरू हुआ। हालाँकि उसी दिन कॉलेज में बी.टेक. की परीक्षाएँ भी आयोजित थीं, फिर भी बिना किसी अवरोध के यह कार्यक्रम पूर्ण कर लिया गया। योग दिवस के अवसर पर बी.एड. प्रशिक्षुओं के बीच योगाभ्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

कॉलेज के प्राचार्य ने इस अवसर पर प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा-प्रणाली में योग को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। नियमित योगाभ्यास के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से हो सकती है । इस मौके पर सहायक प्राध्यापक शैलेश कुमार, अजित कुमार, सत्यप्रकाश मिश्र, विभूति कुमार सिंह, एवं रेखा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।



प्रभात खबर कैंपस पटना, बुधवार 21.06.2017 04

# योग दिवस पर मैत्रेय कॉलेज में कार्यक्रम

संवाददाता ▸ हाजीपुर

अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन होगा. पूर्वाह्न 11.30 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. कॉलेज प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गयी है कि कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं को उक्त कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी पूर्व में ही दी जा चुकी है.हालांकि योग कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष कॉलेज में सुबह के सत्र में आयोजित होता था, लेकिन इस वर्ष योग कार्यक्रम के समय में परिवर्तन किया गया है. समय परिवर्तन के कारण के विषय में बतलाया गया है कि कॉलेज में बी-टेक की परीक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम के समय में इस बार परिवर्तन किया गया है. प्रबंधन ने बताया कि कॉलेज में योग दिवस कार्यक्रम का असर बी-टेक की परीक्षा पर नहीं पड़ेगा.बी-टेक की परीक्षा का संचालन भी शांतिपूर्ण करा लिया जायेगा.

औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट .

## बी-टेक सेमेस्टर-8 की आज होगी अंतिम परीक्षा

मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के उप प्राचार्य सह सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ अरविंद कुमार ने मंगलवार को बताया था कि बुधवार 21 जून को बी–टेक सेमेस्टर–8 की अंतिम परीक्षा होगी .डॉ कुमार ने यह भी बताया कि बी–टेक की परीक्षा पिछली सभी तिथियों पर शांतिपूर्ण करा ली गयी .बुधवार को उसकी अंतिम परीक्षा भी बेहतर व शांतिपूर्ण माहौल में कराने को लेकर कॉलेज प्रशासन कृत संकल्पित होकर कार्य करेगा .उन्होंने कहा कि बुधवार को योग दिवस के मौके पर कॉलेज में छात्र–छात्राओं सहित शिक्षक व कर्मियों को भी योगाभ्यास कराया जायेगा . बेहतर शिक्षा, मानसिक विकास, शारीरिक स्वास्थ्य, एकाग्रता, परीक्षा में ध्यान, गलत आदतों से मुक्ति और तनाव को दूर करने को लेकर योग एक आवश्यक प्रक्रिया है .



प्रभात खबर

पटना, गुरुवार

22.06.2017

# बीएड के छात्रों को कराया योगाभ्यास

**संवाददाता.** औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में प्राचार्य एवं उपप्राचार्य की देखरेख व सहभागिता के साथ बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीएड के अध्यनार्थियों के बीच भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने इस अवसर पर बीएड के छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में योग को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है. नियमित योगाभ्यास के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लक्ष्य की प्राप्ति आसानी से हो सकती है. वहीं कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि बीएड के पाठयक्रम में योग सम्मलित है. इस मौके पर सहायक शिक्षक शैलेश कुमार, अजीत कुमार, सत्यप्रकाश मिश्रा, विभूति कुमार सिंह, रेखा कुमारी, संतोष कुमार एवं अविनाश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे.





## रंगोली प्रदर्शनी का आयोजन :-

24 जून, 2017 को मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट में प्रशिक्षुओं ने रंगोली प्रदर्शनी लगाई। छात्राओं की ओर से जो रंगोलियाँ बनाई गईं लोग उसे देखकर अभिभूत थे। छात्राओं ने काफी मनमोहक रंगोली बनाई थी। कॉलेज के बोधिसत्व सभागार में प्रदर्शनी लगाई गयी। संयोगवश कॉलेज के शासकीय निकाय के सदस्यगण भी मौजूद थे। शासकीय निकाय के सदस्यगणों ने प्रशिक्षुओं की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और कला प्रतिभा के प्रदर्शन पर उनकी सराहना भी की। कॉलेज की बी.एड. की प्रशिक्षु पूजा, प्रियंका, चंचल, खुशबू इत्यादि शामिल रहे तथा सहायक प्राध्यापक, राजकुमार रॉय और पुस्तकालयाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने रंगोली निर्माण के क्रम में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।





कैंपस

पटना, रविवार 25.06.2017 04

**कार्यक्रम. कॉलेज में बीएड की छात्राओं ने लगायी रंगोली प्रदर्शनी**

# बीएड छात्राओं की दिखी क्रिएटिविटी

रंगोली प्रदर्शनी में मौजूद छात्राएं व अन्य.

निरीक्षण के बाद कॉलेज कैंपस मे मौजूद निकाय सदस्य.

संवाददाता ▸ हाजीपुर

औद्योगिक क्षेत्र स्थित मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में शनिवार को कॉलेज की बीएड की छात्राओं ने रंगोली प्रदर्शनी लगायी. छात्राओं की ओर से बनायी गयी रंगोली एवं लगायी गयी उनकी प्रदर्शनी को देखकर सभी दंग हो गये. छात्राओं ने काफी मनमोहक रंगोली बनायी थी. कॉलेज के चैतन्य सभागार में प्रदर्शनी लगायी गयी थी. संयोगवश शनिवार को ही कॉलेज के शासकीय निकाय के सदस्य गण भी मौजूद थे. शासकीय निकाय के सदस्यों ने छात्राओं की ओर से लगायी गयी बेहतरीन प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और छात्राओं की कला प्रतिभा के प्रदर्शन पर उनकी सराहना भी की. कॉलेज की बीएड की छात्रा सह शिक्षार्थी पूजा, प्रियंका, चंचल, खुशबू ने बताया कि कॉलेज के सहायक प्राध्यापक राजकुमार और पुस्तकालयाध्यक्ष प्रशांत अमर ने रंगोली निर्माण के क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**कॉलेज के शासकीय निकाय की हुई बैठक** : मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में शनिवार को कॉलेज के शासकीय निकाय की बैठक हुई. निकाय सदस्यों ने कॉलेज की कार्य प्रणाली का गहन निरीक्षण भी किया. बैठक की अध्यक्षता कॉलेज के चेयरमैन हेमंत कुमार ने की. इस अवसर पर सम्मानित अध्यक्ष राजेश कुमार,कॉलेज की सचिव उर्वशी शाही,आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ.सुर्य कुमार झा,रवि दिवाकर और डीपीओ एसएसए अजय कुमार सहित अन्य की मौजूदगी रही. बैठक के दौरान संस्थान के सभी विभागों का निकाय सदस्यों ने भ्रमण कर निरीक्षण किया. साथ ही सर्वोत्तम शिक्षा के प्रसार के लिए कॉलेज को सुझाव भी दिये गये. संस्थान का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने एवं शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान के कार्यों को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से निकाय सदस्यों ने विभिन्न तरह के महत्वपूर्ण सुझाव दिये. कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ.अरविंद कुमार ने बताया कि पर्यावरण सप्ताह के मद्देनजर 151 पौधे भी लगाये गये. उन पौधों में आम,लीची,अमरूद और सागवान सहित अन्य के पौधे लगाये. पौधों के संरक्षण की जिम्मेवारी शिक्षार्थियों ने अपने उपर ली है. अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ.ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने कहा कि निकाय सदस्यों के सुझाव का अक्षरसः पालन किया जायेगा. प्राचार्य ने सुझाव देने के लिए निकाय सदस्यों के प्रति आभार भी जताया.

## कॉलेज के शासकीय निकाय की बैठक :-

24 जून, 2017 को ही कॉलेज के शासकीय निकाय (GB) की बैठक भी महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। निकाय सदस्यों ने कॉलेज की कार्य-प्रणाली का गहन निरीक्षण भी किया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन हेमंत कुमार ने की। इस अवसर पर मानद अध्यक्ष राजेश कुमार, कॉलेज की सचिव उर्वशी शाही, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. सूर्य कुमार झा, रवि दिवाकर (वित्त पदाधिकारी), और शिक्षा विभाग वैशाली के डीपीओ (एसएसए) अजय कुमार सहित जी.बी. के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संस्थान के सभी विभागों का निकाय सदस्यों ने भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा सर्वोत्तम शिक्षा के प्रसार के लिए कॉलेज को सुझाव भी दिये गए। संस्थान की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने एवं शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान के कार्यों को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से निकाय सदस्यों ने विभिन्न तरह के महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये।

पर्यावरण सप्ताह के मद्देनजर कालेज परिसर में 151 पौधे भी लगाए गए। पौधों में आम, लीची, अमरूद और सागवान सहित कई अन्य पौधे भी लगाए गए जिनके संरक्षण की जिम्मेदारी प्रशिक्षुओं को सौंपी गयी।

अंत में, धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कॉलेज प्राचार्य, डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी ने कहा कि निकाय सदस्यों के सुझाव का अक्षरश: पालन किया जाएगा। प्राचार्य ने सुझाव देने के लिए सभी निकाय सदस्यों के प्रति आभार भी जताया।

## संप्राप्ति

मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट ,हाजीपुर द्वारा सत्रवार वार्षिक अकादमिक कैलेंडर (2016 एवं 2017) के अनुसार विभिन्न प्रकार की शैक्षिक एवं सहगामी क्रियाकलापों के आधार पर शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति की गई ।2016 के जुलाई महीने से जून, 2017 के बीच वर्ष 2016 के अकादमिक कैलेंडर के अंतिम छह महीनों की गतिविधियों , पठन-पाठन ,आंतरिक एवं वार्षिक मूल्यांकन के निर्धारित दिवसों को सम्मिलित किया गया, वहीं 2017 के प्रारंभिक छह महीनों में विभिन्न क्रियाकलापों, पठन-पाठन ,आंतरिक एवं वार्षिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित दिवसों को सम्मिलित किया गया।

संस्थान में प्रवेश हेतु नामांकन सूचना, शैक्षिक एवं सह शैक्षिक गतिविधियों का क्रियान्वयन भी निर्धारित समय अनुसार होता रहा। अकादमिक कैलेंडर के अनुसार निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों, संकाय सदस्यों, प्रशिक्षुओं, छात्रों एवं अन्य कर्मचारियों की भागीदारी से सफलतापूर्वक होता रहा। इसके आधार पर कविवर गोपाल सिंह नेपाली जयंती ,स्वतंत्रता दिवस समारोह ,मेजर ध्यानचंद अयंती समारोह ,शिक्षक दिवस समारोह, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2016 के प्रारूप पर कार्यशाला ,हिंदी दिवस समारोह ,रंगोली कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, स्कूल इंटर्नशिप प्रोग्राम ,कंप्यूटर आधारित कार्यशाला ,क्रिसमस डे का आयोजन इत्यादि कई कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

वर्ष 2017 के प्रारंभिक शिक्षा महीनों के लिए कर्मचारी विभिन्न पाठ्य एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों के साथ-साथ कार्यशालाओं , प्रतियोगिताओं, समारोहों ,जयंतियों इत्यादि को सम्मिलित किया गया।

इस प्रकार निर्धारित मानकों के अनुसार शैक्षिक उद्देश्यों एवं समग्र शिक्षा के समन्वित रूप से प्राप्ति सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

# मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेंट

## ई.पी.आई.पी. कैम्पस, औद्योगिक क्षेत्र, हाजीपुर

## बी.एड. सत्र 2015 – 17




**मैत्रेय परिवार के बी. एड. सत्र 2015 - 17 के शिक्षार्थी एवं सहकर्मियों के साथ**

कुर्सी पर बैठ (बाये से दाये) :- डॉ. सारिका (पूर्व प्राचार्या, एमआईटीटीए,फुलवारीशरीफ,मगध विश्वविद्यालय,बोध गया), श्री हरीन्द्र कुमार सिंह यादव (असि. प्रोफेसर, आर एच सी ओ ई, हाजीपुर) मृगेंद्र कुमार ( शिक्षा विभाग,रमेश झा महिला कॉलेज, सहरसा,बी एन मण्डल विश्वविद्यालय मधेपुरा ), डॉ. सुभाष चंद्र झा ( डीन, शिक्षा संकाय,बी.आर.ए.बी.यू .मुजफ्फरपुर), हेमंत कुमार (अध्यक्ष, एम सी ई एम, हाजीपुर), डॉ.ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी (प्राचार्य, एम सी ई एम, हाजीपुर ), राजकुमार राय (असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर), सत्यप्रकाश मिश्रा (असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर), अर्चना कुमारी (असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर), रवि कुमार रॉय (असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर), अन्ना कुमारी(असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर), प्रिया सिंह (असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर), अजय कुमार सिंह (असि. प्रोफेसर, एम सी ई एम, हाजीपुर)।






MCEM
मैत्रेय कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड
MAITREYA COLLEGE OF EDUCATION AND

